पंजाब केसरी 20-03-2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की पहल पर गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज में 'मशीन लर्निंग : थ्योरी से प्रैक्टिकल तक' विषय पर आयोजित व्याख्यान में भाग लेते विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी। (चन्द्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की पहल पर गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज में मशीन लर्निंग पर हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की पहल पर गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज में 'मशीन लर्निंग : थ्योरी से प्रैक्टिकल तक' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग की मूल अवधारणाओं से लेकर उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों तक की जानकारी प्रदान करना था। व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञों ने मशीन लर्निंग के सिद्धांत, एल्गोरिद्म, डेटा के महत्व तथा वास्तविक जीवन में इसके उपयोग को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया। इस कार्यक्रम में बी.सी.ए. एवं बी.कॉम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को डेटा विश्लेषण, मॉडल निर्माण तथा उनके उपयोग जैसे मशीन लर्निंग के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस अवसर पर गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देसराज बाजवा ने कहा कि वर्तमान समय में मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नई तकनीकों के प्रति जागरूक करते हैं।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है, ताकि वे सिद्धांत के साथ-साथ उसके व्यावहारिक उपयोग को भी समझ सकें और भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। व्याख्यान के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।